

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**राजभवन, पटना–800022**

*संख्या–60/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

## राज्यपाल ने कबीर जयंती के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

**पटना, 10 जून, 2025** :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने कबीर जयंती के अवसर पर बिहारवासियों व देशवासियों को शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि कबीरदास एक महान संत, कवि, समाज सुधारक और भक्तिकाल के प्रमुख स्तम्भ थे। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से भेद–बुद्धि, मतवाद व अलगाववादी प्रवृत्तियों एवं सामाजिक–धार्मिक रूढ़ियों के विरूद्ध जन–मानस में जागृति पैदा करने का प्रयास किया तथा प्रेम, भाईचारा, सद्भावना, समरसता और मानवता का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा है कि ज्ञानाश्रयी शाखा के महान साधक कबीरदास ने भक्ति एवं आंतरिक साधना का मार्ग प्रवर्तित किया। भारतीय समाज और संस्कृति के लिए उनका योगदान अमूल्य और अविस्मरणीय है।

राज्यपाल ने बिहारवासियों से संत कबीर के जीवन–दर्शन से प्रेरणा ग्रहण कर स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की है।

.............................................